सत्यमेव जयते
Government of India

Media Scanning & Verification Cell

Media alert from the Media Scanning & Verification Cell, IDSP-NCDC.

Alert ID	Publication Date	Reporting Date	Place Name	News Source/Publication Language
5296	26.05.2019	27.05.2019	**Bastar Chhattisgarh**	www.udaipurkiran.in/Hindi https://udaipurkiran.in/hindi/1223819/
Title:	**Malaria cases reported in district Bastar, Chhattisgarh**			
Action By CSU, IDSP –NCDC	Information communicated to DSU-**Bastar,** SSU- **Chhattisgarh**			

गर्मी में जल व मच्छरजनित बीमारियां बढ़ रही हैं. मेकाज में बीते पांच माह के भीतर 450 मरीज मलेरिया पॉजीटिव पाए गए हैं. दो मरीज डेंगू के भी मिले हैं. इसके अलावा 200 मरीज वायरल बुखार से पीड़ित पाए गए. जानकार जलजनित रोगों के पनपने की वजह स्वच्छता की कमी और दूषित पेयजल को मान रहे हैं. हालांकि स्वास्थ्य विभाग रोगों की रोकथाम के लिए जागरूकता माह मना रहा है. इस दौरान ग्रामीण क्षेत्र के केंद्रों में लगातार शिविरों का आयोजन किया जा रहा है. वहीं सब सेंटर में मिनी मलेरिया किट उपलब्ध करवाकर तत्काल रक्त परीक्षण किए जाने की सलाह दी गई है.

गर्मी में शहरी व ग्रामीण क्षेत्र में आमतौर पर जल प्रदूषित हो जाता है. इसका सेवन घातक हो सकता है. निगम द्वारा शहर में सप्लाई पानी में एहतियातन क्लोरीन पावडर तो डाला जाता है लेकिन ओवरहेड टैंकों की नियमित सफाई नहीं होने से अधिकतर जगहों में सप्लाई पाइप क्षतिग्रस्त होने से उसमें नाली का गंदा पानी भी मिल जाता है. यह भी जानकारी मिली है कि जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में हैंडपंप का पानी पीने लायक नहीं है. मजबूरन गांव वाले इसका इस्तेमाल कर रहे हैं. इसके चलते भी मलेरिया जैसी बीमारियां पनप रही हैं. उल्लेखनीय है कि नगर निगम द्वारा पानी की जांच भी प्रयोगशाला में नियमित रूप से नहीं करवाई

Save Water- Save Life, Save a tree- Don't print unless it's really necessary!

Disclaimer:- This is a media alert subject to verification.

Integrated Disease Surveillance Programme (IDSP), National Centre for Disease Control,
Ministry Of Health & Family Welfare, Government of India
22-Sham Nath Marg, Delhi – 110 054
For more information please contact: Media Scanning & Verification Cell: - Phone (011)23946029
Email: - idsp-msc@nic.in, idsp-npo@nic.in
Join us on http://www.facebook.com/pages/Media-Scanning-Verification-Cell-IDSPNCDC/137297949672921
https://twitter.com/MSVC1

स्वच्छ भारत
एक कदम स्वच्छता की ओर

जाती है. इसके चलते सप्लाई किए जाने वाले पानी में कौन-कौन से हानिकारक तत्व हैं, इसका पता नहीं चलता है.

स्वास्थ्य अमले के अधिकारियों के अनुसार मलेरिया नियंत्रण के लिए लगातार कार्यक्रम चलाए जाते हैं. इसके तहत अल्फा सायफर मेथिन का छिड़काव किया जाता है. वहीं ग्रामीण इलाकों में मच्छरदानियों का भी प्रत्येक वर्ष वितरण किया जाता है. इसके अलावा विभाग द्वारा मलेरिया व डेगू आदि रोगों से बचाव के लिए ब्लाकों में लगातार कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं. जागरूकता शिविर का आयोजन किया जा रहा है जिसमें ग्रामीणों को रोग से बचाव के बारे में सचेत किया जा रहा है.